Washim District Police

Nature of Work :- **Distributing Food to Poor People**

Police Station :- **Mangrulpir**

Date of Good Work done :- **04/04/2020**

Brief of the work done :-

पो.स्टे. मंगरूळपीर आणि सेवाभावी व्यक्ती व स्वयंसेवी संस्थांच्या वतीने गरीबांना धान्य व किराणा वितरण

समाजसेवी ठाकुर ने किया गरीब मज़दूरों को राशन का वितरण

लाकडाउन में गरीबों को उठानी पड़ रही परेशानी

संवाददाता | मंगरुलपीर

कोरोना वायरस के चलते लगाए गए 21 दिन के लाकडाऊन व कर्फ्यू ने गरीब व मजदूरों की हालत खराब कर दी है। ऐसे में राजनीतिज्ञ ऐसे लोगों की सहायता करने में लगे हुए है। लाकडाऊन के कारण रोजीरोटी से वंचित मजदूरों की सहायता के लिए समाज के संभ्रांत व सामाजिक लागे आगे आकर प्रशासन के सहयोग से गरीबों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ा रहे है। मंगरुलपीर में भी लाकडाउन में फंसे अनेक मजदूरों के साथही कुछ गरीब लोगों को संजय ठाकुर व संभाजी मित्र मंडल की ओर से प्रशासन के सहयोग से आटा, चावल, चीनी, दाल, तेल, नमक, सब्जियों समेत जरुरत के सामान का वितरण किया गया। ज्ञात हो की गतवर्ष जलकिल्लत के चलते गरीबों तक प्रतिदिन पानी पहुंचानेवाले समाजसेवी संजय ठाकुर इन दिनों कोरोना वायरस की महामारी के बीच गरीबों की मदद करने के लिए एक आवाज़ पर मौके पर पहुंचें। ठाकुर की ओर से लाकडाउन के चलते प्रभावित मजदूरों समेत दर्जन भर परिवारों को 10-10 किलो राशन, सब्जी, तेल, मसाला, नमक, बिस्किट समेत जीवनावश्यक वस्तुओं का वितरण पुलिस प्रशासन की सहायता से सोशल डिस्टन्सिंग का पालन कर थानेदार धनंजय जगदाले के हाथों किया गया। इस अवसर पर राशन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने संजय ठाकुर के साथही संभाजी मित्र मंडल एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया। संजय ठाकुर तथा संभाजी मित्र मंडल ने सभी को आश्वासन दिया की आप लोग घरों में रहे और सामाजिक मेल जोल बंद रखे। प्रशासन किसी को भूखा नहीं सोने देंगा। उन्होंने सामाजिक सहयोग करनेवालों का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर थानेदार धनंजय जगदाले के साथही समाजसेवी संजय ठाकुर, अजय माने, राहुल भगत, स्वप्नील खांडे, नंदकिशोर ठाकुर, धीरज ठाकुर, पृथ्वीराज रघुवंशी ऊर्फ पप्पू ठाकुर, बंडु भगत, आकाश दाभाडे, सुनील भगत तथा संभाजी मित्रमंडल के सदस्य उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर Sun, 05 April 2020
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/50645356